राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# राज्यपाल ने ली जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक

## वर्षा जल संरक्षण एवं पौधारोपण से होगा हरियालो राजस्थान का सपना साकार– राज्यपाल

## युवाओं में नशे की रोकथाम के लिए चलाएं जागरूकता अभियान

जयपुर/जालोर, 24 जुलाई। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे की अध्यक्षता में गुरुवार को जालोर में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में उन्होंने विभागों को जन हित में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए।उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को नवीन शिक्षा नीति के अनुसार शिक्षण करवाये जाने तथा किताबी ज्ञान के साथ–साथ नवीन शोधपरक जानकारियाँ बच्चों के साथ साझा करने की बात कही। उन्होंने जिले में संचालित राजकीय स्कूलों व उनमें अध्यनरत छात्र–छात्राओं की संख्या, मिड–डे–मील योजना की जानकारी लेते हुए छात्र–छात्राओं को मिड–डे–मील योजना के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण पोषण प्रदान किये जाने पर जोर दिया।

राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने जिले में टी.बी.मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत क्षय रोगियों की संख्या, उनकी स्क्रीनिंग व निक्षय मित्र के माध्यम से उन्हें पोषण किट वितरण करने की प्रगति के बारे में जानकारी ली तथा चिकित्सा विभाग को टी.बी. मुक्ति की दिशा में प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

राज्यपाल ने जल जीवन मिशन में हर घर जल पहुँचाने के लिए प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। नर्मदा नहर परियोजना के तहत ई.आर., एफ.आर. व डी.आर. प्रोजेक्ट की समीक्षा की तथा जल जीवन मिशन के तहत एफएचटी कनेक्शन की गति बढ़ाते हुए पेयजल स्त्रोत निर्माण के कार्यों को समय पर पूर्ण करने की बात कही। उन्होंने कहा कि कि जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण व भू–जल स्तर सुधार से "हरियालो राजस्थान" की दिशा में प्रदेश अग्रसर हो सकेगा। उन्होंने वर्षा जल के सहेज कर रखने की बात कही जिसके फलस्वरूप जिले में पानी की समस्या से मुक्ति मिले।

उन्होंने डिस्कॉम की कुसम योजना की प्रगति देखी तथा पंचायतीराज की स्वामित्व योजना में जारी किए गए पट्टों पर जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने पीएम आवास योजना व एमजीनरेगा के तहत जिले में प्रगतिरत कार्यों व स्वीकृत कार्यों के बारे में चर्चा करते हुए नरेगा में पौधारोपण, टांका निर्माण व जल संरक्षण के कार्यों को अधिक से अधिक करवाये जाने पर जोर दिया। उन्होंने नगरीय निकायों व ग्रामों में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा करते हुए घर–घर कचरा संग्रहण के माध्यम से एकत्रित किए गए कचरे के समुचित निस्तारण को लेकर निर्देशित किया।

राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने जिले में नशीली पदार्थों के अवैध कारोबार के विरूद्ध पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान एवं की गई कार्यवाही के बारे में जानकारी लेते हुए युवाओं में नशे की प्रवृति की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चलाने तथा नशा मुक्ति कैम्प लगाकर नशे के आदी हो चुके लोगों को नशावृत्ति से मुक्ति दिलाने के प्रयासों की आवश्यकता जताई। नशे के कारोबार में प्रवृत्त लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही किये जाने के निर्देश भी दिए।

––––––


जिला स्तरीय समीक्षा बैठक


दिनांक: 24 जुलाई 2025
जिला प्रशासन जालोर

